कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/मा–स/पर्यावरण/2020/103 दिनांकः 15.09.2019

अत्यावश्यक

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा
श्री गंगानगर/हनुमानगढ़/कोटा/जयपुर/उदयपुर।

विषय :– "**स्कूल नर्सरी योजना**" संचालित किए जाने हेतु उपयुक्त संसाधन एवं भूमि–पानी की उपलब्धता के अनुरूप क्षेत्राधिकार के 20 विद्यालयों की सूचना उपलब्ध करवाने बाबत।

प्रसंग :– शासन का पत्रांक : प.17(1)शिक्षा–1/विविध/2017 जयपुर, दिनांक : 04.09.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक शासकीय निर्देशों के क्रम में राज्य में 200 राजकीय विद्यालयों का चयन "**स्कूल नर्सरी योजना**" के अन्तर्गत किया जाना है। उक्त क्रम में आप अपने क्षेत्राधिकार में 20 राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन निम्नांकित निर्देशानुरूप करते हुए आज ही सूचना इस कार्यालय की ई–मेल आई.डी. **secondarydd35@gmail.com** पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें :–

1. योजना के तहत प्रत्येक स्कूल में एक नर्सरी स्थापित कर उसमें कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों के सहयोग से 1000 पौधे तैयार किए जाकर उनका रोपण तथा संधारण किया जाना है, अतः उन्हीं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया जाना है, जिनमें कक्षा 6, 7 एवं 8 संचालित हो।
2. उक्त योजना हेतु प्रत्येक स्कूल को आवश्यक उपकरणों, खाद–बीज इत्यादि के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाते हुए एक माली रखे जाने का प्रावधान किया जाना है, अतः स्कूल चयन किए जाते समय यह ध्यान रखा जावे कि रोपण के उपरान्त पौधों के पल्लवन–पुष्पन हेतु विद्यालय में पानी एवं दीवार की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो।

कृपया उपर्युक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए आज ही विद्यालयों की वांछित सूची निर्दिष्ट मेल पर भिजवाया जाना सुनिशिचित करावें।

उप निदेशक(माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :– मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी– श्री गंगानगर/हनुमानगढ़/कोटा/जयपुर/उदयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

उप निदेशक(माध्यमिक)